**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 30.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **मिशन शक्ति 5.0 के तहत क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा मिशन शक्ति टीम के साथ आर्य कन्या इण्टर कॉलेज दोहतरा में छात्राओं हेतु जागरूकता एवं कैरियर परामर्श कार्यक्रम का किया गया आयोजन।**

**विवरण-** उत्तर प्रदेश सरकार की महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित **"मिशन शक्ति 5.0"** अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर द्वारा प्रभारी निरीक्षक चिल्ला श्री अनूप कुमार दुबे व मिशन शक्ति टीम के साथ थाना चिल्ला क्षेत्र में स्थित आर्य कन्या इण्टर कॉलेज दोहतरा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को **महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं** की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि यदि वे किसी भी प्रकार की आपात या असहज स्थिति का सामना करें तो वे बिना संकोच **महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस सहायता 112, और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098** जैसी आपातकालीन सेवाओं का लाभ उठा सकती हैं। इस दौरान उन्हे महिला सुरक्षा हेतु विभिन्न कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई तथा पम्प्लेट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को **कैरियर काउंसलिंग** के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों जैसे **शिक्षा, रक्षा, पुलिस सेवा, बैंकिंग, आईटी, चिकित्सा, उद्यमिता आदि** के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें यह भी बताया गया कि कैसे वे अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार भविष्य की योजना बनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न केवल छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था, बल्कि उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना भी था।